आतिशबाजी से सुरक्षा

FIRE KILLS

YOU CAN PREVENT IT

आतिशबाजी से सुरक्षा

दीवाली, विवाह समारोह तथा ऐसे ही अन्य खुशी के मौकों पर, आतिशबाजियों का अक्सर प्रयोग किया जाता है। लेकिन, कई बार, बिना सावधानी बरते, आतिशबाजी के अंधाधुंध प्रयोग से खुशी के ये मौके, मातम में बदल जाते हैं, हंसी-ठहाके, आँसुओं में तबदील हो जाते हैं। **कुछ सावधानियाँ, कुछ सुरक्षा के उपाय,** इस प्रकार की दुर्घटनाओं को रोकने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं और समारोहों को अधिक उल्लासपूर्ण तथा उद्देश्यपूर्ण बना सकते हैं। आतिशबाजी चलाते समय/पटाखों की दुकानों के लिए कुछ सुरक्षा सावधानियां इस प्रकार हैं :-

करें

1. आतिशबाजी पैकट पर लिखे अग्नि सुरक्षा निर्देशों और सावधानियों को ध्यारन से पढ़े।
2. आतिशबाजी चलाते समय, हमेशा पानी और रेत की बाल्टी तेयार रखें।
3. फुलझड़ी, राकेट जैसी इस्तेमाल की गई/जली आतिशबाजियों को हमेशा पानी की बाल्टी में डुबो दें या रेत में दबा दें।
4. बाँह दूर करके आतिशबाजी को जलाएं और अपना चेहरा उससे दूर रखें।

5. जलते हुए पटाखों का प्रवेश रोकने के लिए अपने घर की खिडकियों और दरवाजों को ठीक से बंद करें।

6. केवल मानक आतिशबाजियों का ही प्रयोग करें।

7. बच्चों को बड़ों की देख-रेख में ही आतिशबाजी चलाना चाहिये।

8. खुले मैदानों और खुली जगहों पर आतिशबाजी चलाना सुरक्षित होता है।

9. फुलझड़ियों जैसी आतिशबाजियों को शरीर से दूर चलाना चहिए।

10. आतिशबाजी चलाते समय चुस्त सूती कपड़े पहनें।

11. सुरक्षा के लिए जूते, चश्मा पहनें।

12. पटाखे चलाते समय, बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं का ध्यान रखें।

13. अगर, दुर्घटनावश जल जाएं, तो जब तक दर्द कम न हो जाए, ठंडा पानी डालते रहें और तुरन्त डॉक्टर की सलाह लें।

न करें

1. बच्चों को, कभी भी बड़ों की अनुपस्थिति में आतिशबाजी न चलाने दें।
2. जो आतिशबाजी न सुलगे, उसे फिर से जलाने की कोशिश न करें।
3. इमारतों के एकदम पास आतिशबाजी न चलाएं।
4. फर्श पर या आतिशबाजी के निकट दिये, अगरबत्तियां या मोमबत्तियां न छोड़ें।
5. इमारतों के आस-पास कबाड़ या किसी प्रकार की ज्वलनशील सामग्री एकत्र न होने दें।
6. घर के भीतर पटाखे न छोड़ें।
7. अनार, बम, लड़ियों को हाथ में न छोड़ें।

8. बच्चों को खतरनाक और तेज़ आवाज वाले पटाखों के पास न आने दें।
9. पटाखों की दुकान के पास पटाखे न चलाएं।
10. जले पटाखों को इधर-उधर खुले में न फेंकें।
11. खराब पटाखों को फिर से न जलाएं या हाथ न लगाएं।
12. किसी बंद डिब्बे में पटाखे न चलाएं।
13. भीड़-भाड़ वाले इलाकों में राकेट न छोड़े।
14. राकेट, अनार तथा उड़ने वाले अन्य पटाखों को झुग्गी-झोंपड़ी और भूसे के ढेरों से दूर या खूले मैदान में चलाना चाहिए।

आतिशबाजी/पटाखों की दुकानें

1. पटाखों की दुकान बनाने के लिए ज्वलनशील सामग्री का प्रयोग न करें।
2. आतिशबाजी की दुकानों में सुरक्षित फासला रखें।
3. अधिकृत मानक गुणवत्ता की आतिशबाजी ही रखें।
4. किसी को दुकान के निकट आतिशबाजी न चलाने दें।
5. दुकान में मोमबत्ती, लाइटर, माचिस न जलाने दें।
6. दुकान में धूम्रपान न करें।
7. दुकान में बिजली के लटकते हुए खराब या ढीले तार न छोड़े।
8. आतिशबाजी की दुकान के पास बिजली के बल्ब और पटाखों के बीच सुरक्षित दूरी रखें।
9. स्थानीय अग्निशमन विभाग के निर्देशों के अनुसार, पानी, रेत की बाल्टी और अग्निशमन यंत्र तैयार रखें।

सावधानी बरतें
आग रोकें

आग लगने पर

101

डायल करें

या

अपने निकटतम अग्निशमन केंद्र से संपर्क करें

जनहित में जारी

मुद्रक : ब्रजबासी आर्ट प्रेस लि., नई दिल्ली